उदयपुर में जुटेंगे देश-विदेश के 1500 से अधिक लेखांकन शिक्षाविद्

■ ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार आगामी 12-13 अक्टुबर को

उदयपुर, (कासं)। भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा एवं राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में 12 - 13 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार ऑन अकाउंटिंग एजुकेशन एंड रिसर्च के ब्रोशर का आज विमोचन कुलपति सचिवालय के सभागार में मुख्य अतिथि गोविंद गुरु जनजाति विवि बांसवाड़ा के कुलगुरु प्रो. के. एस. ठाकुर, कॉन्फ्रेंस सचिव कुलगुरू प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, आयोजन सचिव विभागाध्यक्ष लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग सुखाड़िया विश्वविद्यालय प्रो. शूरवीर सिंह भाणावत ने किया।

प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हम न केवल लेखांकन शिक्षा को नवाचार से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि अकादमिक समुदाय और उद्योग जगत के बीच एक सार्थक संवाद की परंपरा भी स्थापित करना चाहते हैं। उदयपुर की सांस्कृतिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि इस अंतरराष्ट्रीय संवाद के लिए एक आदर्श मंच सिद्ध होगी।

प्रो. भाणावत ने बताया कि सेमिनार में देश विदेश के 1500 से अधिक लेखांकन शिक्षाविद् भाग लेंगे। इस बार उदयपुर शाखा को यह कांफ्रेंस राजस्थान विद्यापीठ के साथ आयोजित करने का अवसर मिला है। इस कांफ्रेंस में आर्टिफीसियल इंटीलिजेंस इन एकाउंटिंग, अर्निंग मैनेजमेंट, इंटरनेशनल टैक्सेशन आदि विषयों पर देश-विदेश के सैकड़ों शिक्षाविद चर्चा करने हेतु जुटेंगे।

गृहकर में भारी छूट छूट का लाभ ले शहरवासी :आयुक्त

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा लिए जाने वाले गृहकर एवं नगरीय विकास कर में राज्य सरकार द्वारा फिर से भारी छूट प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने 3 माह पश्चात फिर यह मौका दिया है जिसका लाभ शहरवासी अपनी बकाया राशि जमा करवाकर ले सकते हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि 18 जून, 2025 को स्वायत शासन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर द्वारा अधिसूचना जारी की गई है जिसमें राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 107 (4) के अंतर्गत गृह कर एवं नगरीय विकास कर एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं पेनल्टी में माफी का प्रावधान रखा गया है।

ऐसे शहरवासी जिन्होंने अपना गृहकर अभी तक जमा नहीं करवाया है उन्हें संपूर्ण बकाया गृह कर आवासीय अथवा व्यवसायिक भूखंड दोनों का एकमुश्त जमा करने पर मूल गृहकर की राशि पर 5०प्रतिशत की छूट एवं शास्ती पर शत प्रतिशत छूट सरकार द्वारा प्रदान की गई है। वही नगरी विकास कर के अंतर्गत वर्ष 2023.24 तक एकमुश्त नगरीय विकास कर की राशि जमा कराने पर लगाए गए ब्याज व शास्ती पर शत प्रतिशत छूट दी गई है। जिन प्रकरणों में 13 वर्ष से पूर्व अर्थात वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है उन प्रकरणों में भी एक मुश्त राशि जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में ब्याज पेनल्टी की छूट के साथ साथ मूल बकाया में भी 50 प्रतिशत की छूट राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

आपको बतादे कि उदयपुर शहर में 2700 स्क्वायर फीट या इससे अधिक के आवासीय भूखंड या भवन एवं 900 स्क्वायर फीट या इससे अधिक का व्यवसायिक भूखंड या भवन दोनों नगरी विकास कर की श्रेणी में सम्मिलित किए जाते हैं। अत: यदि कोई भी शहर वासी इस दायरे में सम्मिलित है एवं अभी तक नगर निगम द्वारा आपसे संपर्क नहीं किया गया है फिर भी आप अपना कर्तव्य समझकर निगम में पहुंच अपना यू डी टैक्स जमा करवा कर राज्य सरकार द्वारा दी गई छूट का लाभ लेवे। क्योंकि नगरीय विकास कर नगर निगम द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। गृह कर एवं नगरीय विकास कर में राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विशेष छूट को लेकर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने शहरवासियों से अपील की है। आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3 माह पश्चात पुन: और केवल 30 सितंबर तक यह विशेष छूट प्रदान की गई है जिसका लाभ सभी शहरवासियों लेवे। ऐसे शहरवासी जो कर देने की श्रेणी में आते है और उनका कर अभी तक बकाया है उन शहरवासियों को इस छूट का लाभ लेना चाहिए।

आयुक्त ने स्पष्ट आगाह भी किया है कि सरकार द्वारा हर हाल में यह पैसा वसूल किया जाएगाए अच्छा है कि छूट का लाभ लेते हुए शहरवासी अपना बकाया गृह कर एवं नगरीय विकास कर जमा करवा दें। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि नगरीय विकास कर की गणना में यदि किसी शहर वासी को कोई भी समस्या या शंका है तो वह निगम की राजस्व शाखा में आकर राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर से संपर्क करें, राजस्व अधिकारी द्वारा सभी प्रकार की शंका या समस्या का समाधान किया जाएगा।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

राजसमंद, (निसं)। जिला अंजुमन कमेटी संस्थान समस्त मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित पांचवां मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को हुसैनी चौक स्थित अंजुमन हॉल में आयोजि हुआ। इस अवसर पर जिला अन्जुमन के महा सचिव एडवोकेट सराफत हुसैन फ़ौजदार ने बताया कि सदर अख्तर खान के सान्निध्य में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के होनहार 59 छात्र,छात्राओ (विद्यार्थियों)और समाजसेवियों की हौसला अफजाई की गई। समारोह में प्रतिभा सम्मान के साथ-साथ,कुंआरिया के असद हसन लेफ्टनेंट (भारतीय सेना)को भी अवार्ड एवम मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवम विशेषज्ञों द्वारा उच्च शिक्षा के लिए कॅरियर गाइडेंस प्रोग्राम भी रखा गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत कमोल, पंचायत समिति सायरा , जिला उदयपुर

क्रमांक:- 49 दिनांक-21.6.2025

-: ई निविदा सूचना-01/2025-26 :-

ग्राम पंचायत कमोल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 1.07.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN No.ZUD2526GLRCO1045

प्रशासक, ग्राम पंचायत कमोल, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कमोल, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

रेजिडेंट डॉक्टरों ने शुरू की पैरेलल ओपीडी

उदयपुर, (कासं)। आरएनटी मेडिकल कॉलेज में करंट लगने से हुई मौत के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर्स की हडताल रविवार को 11वें दिन भी जारी है। रेजिडेंट्स ने रविवार को प्रिंसिपल प्रशासनिक भवन के बाहर टेबल लगाकर मरीजों को देखना शुरू कर दिया।

पैरेलाल ओपीडी के तहत यहां मेडिसन,पीडियट्रिक, गायनोकॉलाजी, सर्जरी, ऑर्थो और ईएनटी आदि की अलग से ओपीडी व्यवस्था शुरू की है। पहले दिन कुछ मरीज यहां इलाज कराने पहुंचे।पहले यह ओपीडी एमबी हॉस्पिटल के आउटडोर के बाहर लगाई गई थी लेकिन बारिश की वजह से जगह बदलकर प्रिंसिपल ऑफिस के सामने शिफ्ट की गई। रेजिडेंट्स का कहना है कि एमबी हॉस्पिटल के आउटडोर में हमारे रेजिडेंट्स मरीजों को इस संबंध में जानकारी दे रहे हैं ताकि वे कतार में परेशान नहीं हों और उन्हें समय पर इलाज मिल सके। रेजिडेंट यूनियन के महासचिव डॉ हितेष ने बताया कि मरीजों को परेशानी ना हो, इसलिए हमने पैरेलल ओपीडी शुरू की है जिसमें सभी विभागों के रेजिडेंट डॉक्टर मरीजों को देख रहे हैं।

मुख्तार कुरैशी बने सदर

■ मुश्तफा शेख सेकेट्री निर्वाचित

■ 300 मतदाताओं ने किया मतदान

उदयपुर, । मुस्लिम समुदाय की 125 वर्ष पुरानी संस्था अंजुमन तालीमुल इस्लाम की काबिना कमेटी के चुनाव रविवार को शहर के अलीपुरा स्थित रजा गार्डन में सम्पन्न हुए।चुनाव में मुख्तार कुरैशी सदर एवं मुश्तफा शेख सेकेट्री चुने गए। मोहसिन हैदर ने बताया कि चुनाव में नायब सदर पद पर फारुक बिट्टी और जोइंट सेकेट्री पद पर इजहार हुसैन चुने गए। चुनाव के तहत सुबह 8 से अपरान्ह 1.30 बजे तक हुए मतदान में कुल 3०2 मतदाताओं में से 300 ने मतदान किया। मुख्य 4 पदों व 11 सदस्यों के लिए हुए चुनाव में मतदाता व प्रत्याशियों में अच्छा.खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर चुनाव कन्वीनर एडवोकेट अमजद खान, मुनव्वर अशरफ,जाकिर हुसैन,अलीम खान, आमिर खान,आदि ने ने अपनी सेवाएं दे कर चुनाव को सफल बनाने में सहयोग दिया।

दस वर्षों बाद हुआ पिता का खोए हुए पुत्र से मिलन

उदयपुर, । बेदला स्थित अपना घर आश्रम् उदयपुर में रविवार को एक अत्यंत मार्मिक दृश्य सामने आया जब एक पिता को 10 वर्षों बाद अपना खोया हुआ बेटा जीवित और सकुशल मिला। यह दृश्य इतना भावुक था कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने बताया कि युवक 8 दिसंबर 2016 को अपने घर गांव मुसेचक जिला बेगूसराय, बिहार से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसे ढूंढने की भरपूर कोशिश कीए थाने में गुमशुदी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वक्त के साथ उम्मीदें धुंधली पडने लगीं, लेकिन पिता के दिल में बेटे को पाने की आस कभी खत्म नहीं हुई। माह अक्टूबर 2024 में चले रेस्क्यू अभियान में डूंगरपुर से उमेश को मानसिक रूप से असहाय स्थिति में अपना घर आश्रम, उदयपुर की रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू कर सेवाएउपचार एवं पुनर्वास हेतु भर्ती किया गया। आश्रम में उसकी नियमित देखभाल और काउंसलिंग के दौरान उमेश से कुछ संकेत मिलने लगे, जिससे उसकी पहचान की प्रक्रिया शुरू हुई। आश्रम प्रबंधन और कार्यालय प्रभारी सुल्तानसिंह की सतत कोशिशों से उसके परिवार का पता लगाया गया और वीडियो कॉल पर बात कराई गई।सूचना पर पिता प्रकाश चौधरी और चाचा जितेंद्र चौधरी आश्रम पहुंचे। पिता ने अपने बेटे को देखा, वर्षों की तडप, पीडा और प्रेम आंसुओं में बह निकला। दोनों ने एक.दूसरे को गले लगाकर लंबे समय तक रोए। यह मिलन हर किसी के लिए एक चमत्कार से कम नहीं था।

कार्यालय ग्राम पंचायत ढुण्डी, पंचायत समिति सायरा ,जिला उदयपुर

क्रमांक:- 44 दिनांक-21.6.2025

-: ई निविदा सूचना-01/2025-26 :-

ग्राम पंचायत ढुण्डी में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 1.07.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN No.ZUD2526GLRCO1047

प्रशासक, ग्राम पंचायत ढुण्डी, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ढुण्डी, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर के नए परिसर का उद्घाटन

■ नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर के नए परिसर का उद्घाटन करते अतिथिगण

उदयपुर,। नि:संतानता उपचार और महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में 2016 से सेवारत नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर का नवीन, अत्याधुनिक और विशाल परिसर में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर (अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया , विशिष्ट अतिथियों डॉ. विनीत मिश्रा, निदेशक, एडवांस गायनेकोलॉजी व फर्टिलिटी डिपार्टमेंट, अपोलो हॉस्पिटल, अहमदाबाद डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. प्रकाश जैन ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर ने इस अवसर पर कहा कि नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर जैसी संस्थाएं आज के समय की आवश्यकता हैं, जहां महिला स्वास्थ्य और प्रजनन संबंधी समस्याओं का समग्र और सरल समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। गौरव की बात है कि इस तरह का सेंटर उदयपुर में आधुनिक तकनीकों और मानवता की सेवा के साथ कार्यरत है। डॉ. विनीत मिश्रा (निदेशक, अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद) ने कहा कि पर्यटन नगरी उदयपुर में रियायती दरों में इतनी शानदार सुविधाओं से युक्त आईवीएफ और महिला स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन एक बडी उपलब्धि है।

डॉ. आनंद गुप्ता ने कहा कि नारायणी हॉस्पिटल ने अब तक महिला स्वास्थ्य और निसंतानता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। नए परिसर के साथ यह सेवा और गुणवत्ता के नए आयाम स्थापित करेगा। डॉ. प्रकाश जैन ने कहा कि यह हॉस्पिटल आधुनिक तकनीकों, प्रशिक्षित स्टाफ और समर्पित नेतृत्व का बेहतरीन उदाहरण है। नारायणी हॉस्पिटल महिला स्वास्थ्य से जुडी हर आवश्यक सेवा को एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाने का प्रयास चिकित्सा क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है। डॉ. प्रदीप बंदवाल, डायरेक्टर नारायणी हॉस्पिटल ने बताया कि संस्थान 2016 से महिला स्वास्थ्य एवं नि:संतानता उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है।

अब नए परिसर में अत्याधुनिक तकनीक, उन्नत लैब, एंडोस्कोपिक सर्जरी, ऑपरेशन, प्रसव सुविधा, और 25-बेड वाला ऑक्सीजन युक्त वार्ड उपलब्ध होगा। डायरेक्टर व एम्ब्रियोलॉजिस्ट निर्मला बंदवाल ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य है कि दक्षिण राजस्थान के लोगों को विश्वस्तरीय नि:संतानता व प्रसूति सेवाएं किफायती दरों में उपलब्ध कराई जाएं। यहां महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की प्रजनन समस्याओं का भी विशेषज्ञ उपचार होगा। डॉ. बंदवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

कार्यालय ग्राम पंचायत नांदेशमा, पंचायत समिति सायरा ,जिला उदयपुर(राज)

क्रमांक:- 52 दिनांक-21.6.2025

-: ई निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत नांदेशमा में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य " राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदेशमा में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN No.ZUD2526WSOB01048 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत नांदेशमा, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नांदेशमा, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

वेद मंदिर परिसर में किया साप्ताहिक हवन

बांसवाड़ा, (निसं)। वेद मंदिर परिसर में डॉ. युधिष्ठिर त्रिवेदी के सानिध्य में यजमान एवं सदस्यों ने साप्ताहिक हवन कर वेद मंत्रों का महत्व एवं उनके पाठ करने के तरीकों पर प्रकाष डाला। उन्होंने बताया कि वेद की संस्कृत सामान्य संस्कृत नहीं है मंत्रों के शब्दों का तो असर होता ही है लेकिन सस्वर पाठ करने से वो असर कई गुना ज्यादा हो जाता है। वेद मंत्र लाखों वर्ष पुराने हैं और उन्हें 100 स्वर पाठ करने के तरीके से ही अभी तक याद रखा गया है। इसीलिए वैदिक मन्त्र रिचा कहलाते हैं।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है वहीं भगवान भी प्रसन्न होते है। वेद मंदिर के सचिव सुनील शर्मा ने कहा कि वेद मंदिर में सत्संग में आने वालों की संख्या धीरे धीरे बढ़ रही है। आर्य समाज में रुचि रखने वाले श्रद्धा रखने वालों का कर्तव्य है कि सप्ताह में एक दिन तो कम से कम सत्संग में अवश्य आएं और यज्ञ में भाग लें। यज्ञ के मुख्य यजमान मोरड़ी मिल के अरुण वर्मा रहे तथा प्रमिला पुरोहित, प्रदीप त्रिवेदी, अभिषेक त्रिवेदी सहित वेद मंदिर के छात्रों ने आहुतियां दी। वेद मंदिर में साप्ताहिक होने वाले हवन में पिछले चार सप्ताह से निरंतर सम्मिलित होने वाली प्रमिला पुरोहित का भी अभिनंदन किया गया। हवन में मयूर मोरडी मिल के स्पिनिंग यूनिट मेंटेनेंस विभाग के मैनेजर अरुण वर्मा के परिवार सहित सम्मिलित होने पर उनका भी अभिनंदन किया गया। अरुण मूलत: झारखंड के निवासी है एवं आर्य समाज से बचपन से जुड़े हुए हैं।

कपासन में केबिन व्यवसायियों ने की बैठक

कपासन, (निसं)। कपासन के गांधी वाटिका में केबिन व्यवसायियों ने एक बैठक आयोजित की। व्यवसायियों ने नगरपालिका प्रशासन द्वारा उनकी केबिन हटाने की कार्रवाई का विरोध किया। नगरपालिका ने कुछ दिन पूर्व क्षेत्र में वर्षों से नियमित शुल्क देकर व्यवसाय कर रहे केबिन धारकों की दुकानें तोड़ दीं। व्यवसायियों का कहना है कि यह कार्रवाई भू-माफियाओं और भ्रष्टाचारियों के दबाव में की गई है। इस कार्रवाई से अनेक परिवार बेरोजगार हो गए हैं। बैठक में व्यवसायियों ने नगरपालिका पालिका व पालिका के जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध नारेबाजी की। उन्होंने उचित स्थान पर पुन: व्यवसाय करने की अनुमति की मांग की। पूर्व पार्षद पुखराज खाब्या ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी नगरपालिका की होगी। बैठक में भवानी शंकर लोहार, मिठू लाल शर्मा, रमेश चंद्र भांड, हरलालजटिया, मस्जिद भिश्ती, श्याम लाल लोहार, रमेश चंद्र लोहार, पवन नयाति,पुखराज गर्ग, रफीक पवार, शेरू भाई अंसारी, दिलावर हुसैन,और अन्य प्रभावित व्यवसायियों ने भी बैठक में भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत नांदेशमा, पंचायत समिति सायरा ,जिला उदयपुर

क्रमांक:- 53/2025-26 दिनांक-21.6.2025

-: ई निविदा सूचना-01/2025-26 :-

ग्राम पंचायत नांदेशमा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 1.07.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN No.ZUD2526GLRCO1046

प्रशासक, ग्राम पंचायत नांदेशमा, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नांदेशमा, पं.स. सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)